हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 27 दिसंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

13 पुलिस जनता की सेवा के लिए है, डरे नहीं



14 वीर बालकों की शौर्यगाथा से गूंजा धमतरी




## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर 28 को

**अंवरी।** मोनिका साहू की स्मृति में गांधी चौक ग्राम खुरसेंगा में रक्तदान शिविर का आयोजन 28 दिसंबर को किया गया है। डॉ विश्वनाथ साहू पूर्व कोषाध्यक्ष तहसील साहू संघ कुरूद ने बताया कि रक्तदान करने से हार्ट अटैक की संभावनाएं कम होती हैं। रक्तदान करने से मोटापा वजन कम करने में मदद मिलती है। रक्तदान से शरीर में एनर्जी आती है। रक्तदान करने से लीवर से जुड़ी समस्याओं में राहत मिलती है। आयरन की मात्रा को बैलेंस करने से लिवर हेल्दी बनता है। कैंसर का खतरा भी कम हो जाता है। रक्तदान हर 3 महीने के बाद किया जा सकता है।

### 30 दिसंबर को दर्री मड़ई

**धमतरी।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम दर्री में 30 दिसंबर मंगलवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन हेतु रंगधारा ओनवा रवेली गरियाबंद का नाचा कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के उपाध्यक्ष माखन यादव ने दी।

### कानीडबरी में मड़ई 6 को

**धमतरी।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम कानीडबरी में 6 जनवरी मंगलवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में माटी के सिंदूर बूटाकसा का नाचा प्रोग्राम रखा गया है। यह जानकारी कृष्णा शोरी, परसराम ध्रुव, खम्हन साहू व कुंदन नेताम ने दी।

### परसुली में 6 को होगी मड़ई

**धमतरी।** ग्राम परसुली में 6 जनवरी मंगलवार को ग्रामवासियों के सहयोग से मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मां के ममता चिखली बांधाबाजार का नाचा कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष तोमेश्ववर निषाद, सचिव तोरण निषाद व पटेल कृष्णा कुमार साहू ने दी।

### प्रायोगिक परीक्षा 29 को

**धमतरी।** कॉम्पटेक महाविद्यालय सोरिद में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की पीजीडीसीए प्रथम सेमेस्टर की ऑफिस ऑटोमेशन, पीजीडीसीए 104 प्रैक्टिकल बेस्ड ऑन पीजीडीसीए 102 की प्रायोगिक परीक्षा 29 दिसम्बर सोमवार को प्रातः 10 बजे होगी। सभी छात्र-छात्राएं अनिवार्य रूप से कॉम्पटेक कॉलेज में प्रवेश पत्र एवं प्रायोगिक परीक्षा की कॉपी के साथ नियत समय पर उपस्थित होवें। यह जानकारी डॉ आशीष नामदेव ने दी।

मौसम प्रतिकूल रहेगा तो मिलेगा लाभ नहीं तो डूबेगी प्रीमियम राशि

# बिना खेती किए फसल बीमा में दांव लगा रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

फसल चक्र परिवर्तन और फसल बीमा के लिए कृषि विभाग जिले भर में शिविर का आयोजन कर रहा है। वहीं फसल बीमा योजना में किसान दांव लगाने लगे हैं। बीमा के खेल में किसान अपने परिया खेतों का बीमा कराकर प्रीमियम राशि जमा कर रहे हैं। अगर प्राकृतिक आपदा हुई तो किसान को बीमा राशि प्राप्त होगी नहीं तो प्रीमियम राशि डूबेगी। बताया जा रहा है कि इसमें विभागीय अधिकारी के साथ किसान की 70-30 की सेटिंग है।

रबी में फसल चक्र परिवर्तन के लिए जिला प्रशासन जोर-शोर से जुटा हुआ है। ग्रीष्मकालीन धान के बदले कम पानी मांग वाली दलहन, तिलहन, लघु धान्य फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने, भूजल स्तर में हो रही अत्यधिक गिरावट, भूजल स्तर के सदुपयोग, नियंत्रण, भूमि क्षरण रोकने के उपाय, जल संरक्षण की संरचना संबंधी जागरूकता के लिए जिले के सभी विकासखंडों में फसल चक्र परिवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए विकासखंडवार दलों का गठन कर गांव-गांव में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 22 दिसंबर से आयोजित इस शिविर में धमतरी ब्लाक के गांव परसतराई, रींवागहन, डाही, कुरमातराई, देमार में शिविर का आयोजन किया जा चुका है। 29 दिसंबर को पोटियाडीह, 30 को लिमतरा, 31 को पुरी, 1 जनवरी को झिरिया, 2 को गागरा, 3 को शंकरदाह, 5 को मुजगहन, 6 को सोरम, 7 को दर्री तथा 8 जनवरी को खपरी में फसल चक्र परिवर्तन अभियान चलाया जाएगा। इसी तरह कुरूद ब्लाक में 29 को भोथली, 30 को भखारा, 31 को सेमरा, 1 को तर्रागोंदी, 2 को पचपेड़ी, 3 को मंदरौद, 5 को नवागांव-उ में शिविर लगेगा। मगरलोड ब्लाक में 29 को शुक्लाभाठा, 30 को छिपली, 31 को मोहंदी, 1 को केकराखोली, 2 को खिसोरा, 3 को पहंदा, 5 को सोनेवारा, नगरी ब्लाक में 29 को चनागांव, 30 को मारदापोटी, 31 को संबलपुर, 1 को मैनपुर में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में ब्लाक नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी की मौजूदगी रहेगी। शिविर में फसल चक्र परिवर्तन, धान फसल लेने के नुकसान, दलहन-तिलहन फसल के फायदे, कृषि पद्धतियां, जल संरक्षण, भूमि संरक्षण, पर्यावरणीय संरक्षण, वैज्ञानिक सुझाव एवं आकलन, किसानों का अनुभव, कृषक प्रश्नोत्तरी तथा धान के बदले कम जल मांग वाली फसलों को लेने तथा जल एवं भूमि संरक्षण्ण के लिए शपथ ग्रहण का आयोजन किया जाना है।

रबी फसल के लिए धमतरी जिले में गेंहू, चना, सरसों और अलसी को अधिसूचित किया गया है जिसमें गेंहू सिंचित का बीमा 39000 का होगा। इसकी प्रीमियम राशि प्रति हेक्टेयर 585 रूपये है। गेंहू असिंचित की बीमित राशि 28 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर प्रीमियम राशि 420 रूपये है। चने की बीमित राशि प्रति हेक्टेयर 40 हजार रूपये है। इसकी प्रीमियम राशि 600 रूपये। राई-सरसों की बीमित राशि 28 हजार प्रति हेक्टेयर 420 रूपये प्रीमियम तथा अलसी की बीमित राशि 19 हजार रूपये प्रति हेक्टेयर प्रीमियम राशि 285 रूपये है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रबी में चना फसल के बीमा में बड़ा खेल हो रहा है। कई किसान अपने खेतों के रकबानुसार चना फसल के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का प्रीमियम जमा कर बैंक, सीएससी सेंटरों सहित अन्य माध्यम से बीमा करा रहे हैं। बीमा के लिए कृषि विभाग किसानों से फसल बुआई स्वघोषणा पत्र भरा रहा है। बताया जा रहा है कि किसान फसल बीमा कराकर अपने खेतों को परिया बिना बोनी छोड़ कर प्रतिकूल मौसम का इंतजार कर रहे हैं। अगर आपदित जोखिम हुआ तो किसानों को बीमा की राशि मिलेगी। सूत्रों के अनुसार इसके लाभ को लेकर किसानों की संबंधित फसल प्रमाणीकरण अधिकारी के साथ बकायदा सेटिंग है जिसमें मिलने वाले जोखिम राशि में किसान 70 प्रतिशत तथा संबंधित अधिकारी 30 प्रतिशत बांटेंगे।

कृषि उपसंचालक मोनेश कुमार साहू ने कहा कि बीमा लाभ लेने के लिए फसल बीमा कर फसल नहीं लगाने पर संबंधित प्रमाणीकरण अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।



#### फसल कटाई प्रयोग से क्षति निर्धारण

अधिसूचित क्षेत्र के आधार पर फसल कटाई प्रयोग से क्षति निर्धारण होती है। किसान की प्रीमियम राशि देय मात्र से दावा राशि देय की पात्रता नहीं बनती और न ही अकाल, सूखा अनावारी रिपोर्ट के आधार पर निर्धारण किया जाता है। योजनांतर्गत बीमा दावा का निर्धारण बीमित ग्राम, राजस्व निरीक्षक मंडल एवं फसल में ग्रामीण कृषि विस्तार एवं पटवारी द्वारा ग्राम स्तर पर 4 एवं राजस्व मंडल स्तर पर 10 फसल कटाई प्रयोग से प्राप्त उपज का थ्रेश होल्ड उपज से तुलना उपरांत बीमा कंपनी द्वारा देय होता है। उपज में जितना प्रतिशत कमी आता है, उसके मान से दावा राशि प्रदान की जाती है।

# महापौर को जगाने कांग्रेस पार्षदों ने किया सद्बुद्धि यज्ञ

- आंदोलन को पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर ने दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

सात सूत्रीय मांगों को लेकर कांग्रेसी पार्षदों का आंदोलन जारी है। सातवें दिन यज्ञ में आहुति डालकर महापौर को सद्बुद्धि देने भगवान से की प्रार्थना की। सातवें दिन आंदोलन को पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर ने समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि महापौर ग्रामीण क्षेत्र के कार्यक्रम छोड़ शहर विकास की चिंता करे। दो साल से राज्य सरकार में बीजेपी की सरकार है। इन दो साल में विकास कार्य ठप सा हो गया है । नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने बताया कि महापौर जुमलेबाजी, फोटोबाजी बंद कर शहर हित, शहर विकास में ध्यान दें। शहर की जनता ने शहरों के विकास के लिए उन्हें जनादेश दिया है। जनता के जनादेश का सम्मान करे।

उपनेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, पार्षद योगेशलाल, सूरज गहरवाल, सुमन मेश्राम, पूर्णिमा रजक, रामेश्वरी, उमा ध्रुव ने कहा कि एक वर्ष के महापौर के कार्यकाल में कोई उपलब्धि नहीं है जो जनता को दिखला सके। ये सात दिवसीय धरना प्रदर्शन सांकेतिक रूप से निगम के जिम्मेदार लोगों को जगाने के लिए था। महापौर जनता के किये वादे को जल्द पूरा करे नहीं तो आने वाले समय मेंबड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।

धरनास्थल पर पूर्व पार्षद अजय वर्मा, राजेश पांडे, सोमेश मेश्राम, गजानंद रजक, युकां नेता गौतम वाधवानी, गीतराम सिन्हा, देवेंद्र देवांगन, अविनाश मरोठे, आशुतोष खरे, अभिषेक ठाकुर समेत अन्य उपस्थित थे।



शिकारियों की सूचना देने पर मिलेगा 5 से 10 हजार का इनाम

# एसडीओ ने जान पर खेलकर बचाई घायल तेंदुए की जान

- बिगकैट प्रजाति वन्यजीवों के शिकार की बढ़ रही हैं घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

वन क्षेत्र में बिगकैट प्रजाति के वन्यजीवों के शिकार की घटना लगातार बढ़ती जा रही है। 25 दिसंबर को शिकारियों के जाल में फंसे घायल तेंदुए को एसडीओ ने जान पर खेलकर रस्सी के जाल में पकड़ा और इलाज कराया।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों सिंगपुर क्षेत्र के जंगल में एक मृत तेंदुआ पाया गया था, जिसके पंजे गायब थे। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व से प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 दिसंबर को तौरेंगा/बफर के गांव कोकोड़ी से दोपहर 2 बजे सूचना मिली कि एक तेंदुआ बस्ती के करीब आ रहा है। झाड़ियों में छिपकर बैठा हुआ है। जानकारी मिलते ही एसडीओ मैनपुर गोपाल कश्यप ने तत्काल एक्शन लेते हुए एंटी पोचिंग टीम को मौके पर बुलाया। ड्रोन की मदद से तेंदुआ का वीडियो लिया गया जिसमें तेंदुए के गले में गहरा घावपाया गया। जंगल सफारी की टीम को मौके पर आने में काफी समय लगने और ग्रामीणों की सुरक्षा को देखते हुए अंधेरा होने से पहले एसडीओ गोपाल कश्यप ने अपनी जान की परवाह किए बिना रस्सी के जाल में पकड़कर रेस्क्यू किया। स्थानीय ग्रामीणों एवं वन अमले के साथ तेंदुए को गजराज वाहन में रखे पिंजरे में बंद किया गया। आबादी से दूर तौरेंगा रेस्ट हाउस में डा. जयकिशोर जडिया, सहायक डा. रमाकांत एवं उनकी टीम ने रात 8 बजे तेंदुए को बेहोश कर उसके गले में फंसे दोनों फंदों को निकाला और ड्रीप चढ़ाकर इलाज किया। तेंदुआ सात दिनों से फंदे में फंसा था। दम घुटने के करीब था, जिसके कारण आबादी क्षेत्र में आसान शिकार की तलाश में था। 26 जनवरी की सुबह तेंदुआ को जंगल सफारी के अस्पताल लाया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।



### आरोपियों की तलाश जारी

उदंती-सीतानदी रिजर्व के डीएफओ वरूण जैन ने बताया कि घने झाड़ियों में छिपे होने से ड्रोन घायल तेंदुए को कैच नहीं कर पा रहा था। तेंदुए के गले में फंसे दो क्लच वायर सात दिनों से फंसा हुआ था। घायल होने की वजह से उसने कोकोड़ी गांव में कुत्ते का शिकार किया था। आसान शिकार की तलाश में होने से ग्रामीणों एवं बच्चों पर हमले का खतरा था। डीएफओ श्री जैन ने अपना मोबाइल नंबर 7568127875 जारी कर कहा है कि फंदे लगाने वाले शिकारियों की जानकारी देने पर 5 हजार से 10 हजार रुपए तक गोपनीय पुरस्कार दिया जाएगा। फिलहाल वन्यप्राणी अपराध दर्ज कर फंदों को जप्ती बनाया गया है। डॉग स्क्वायड स्पाई कैमरा एवं गोपनीय सूचना की मदद से आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# बाइक नहीं देने पर युवक को किया घायल

- रत्नाबांधा तालाब की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

युवक द्वारा बाइक देने से मना करने पर शराबी युवक ने उस पर नुकीले हथियार से हमला कर घायल कर दिया है।

पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम मुजगहन निवासी मुकेश नागरची पिता रामजी उम्र 26 वर्ष रोजी मजदूरी का काम करता है। रोजाना की तरह युवक बुधवार को काम करने देवश्री टाकीज के पास गया था। शाम को छुट्टी होने पर युवक अपनी बाइक से घर मुजगहन जाने के लिये निकला था। रास्ते में रत्नाबांधा रोड पर स्थित शराब दुकान से शराब खरीदकर जा रहा था। युवक रत्नाबांधा दुर्गा मंदिर के पास रूका हुआ था। इसी दौरान आदित्य देवदास उर्फ आकाश उर्फ बौवा पंचवटी कालोनी स्थित अटल आवास निवासी नशे की हालत में मिला। आदित्य उससे बाइक मांग रहा था। मुकेश ने युवक को बाइक नहीं दी। इतने में आदित्य गाली-गलौज पर उतर आया। गाली देने से मना करने पर मुकेश को जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करते हुए अपने पास रखे नुकीले हथियार से सिर के पीछे हमला कर दिया। इस हमले में मुकेश घायल हो गया। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी आदित्य देवदास उर्फ आकाश उर्फ बउवा के खिलाफ धारा 118(1), 296, 324, 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### कांटातालाब के पास युवक पर चाकू से हमला

- उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती

**धमतरी।** शहर में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है। शुक्रवार की शाम एक युवक को चाकू मारने की खबर है। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना शाम 7 बजे की है। हटकेशर वार्ड निवासी दिलेश ध्रुव अपनी मोटरसाइकिल में पेट्रोल डलवाने शहर के पेट्रोल पंप जा रहा था, तभी कांटातालाब सुभाष नगर वार्ड के पास कुछ युवकों ने उसे रोककर चाकू से हमला कर दिया। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ दिन पहले हटकेशर में एक अन्य युवक पर चाकू से हमला करने की घटना सामने आई थी। हटकेशरवासियों का कहना है कि पिछले साल भर में हटकेशर में गैंगवार की कई घटना हो चुकी है। इस पर लगाम लगाने में पुलिस प्रशासन असफल साबित हो रहा है।

# जिला अस्पताल की मर्चच्यूरी के पास भरा गंदा पानी



- असहनीय बदबू से लोग, मरीज स्टाफ हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

नाली जाम हो जाने से मर्चच्यूरी के आसपास गंदा पानी भर गया है। इससे उठ रही असहनीय दुर्गंध से लोग परेशान हो चुके हैं।

जिला अस्पताल परिसर के अंतिम छोर में मर्चच्यूरी है। कुछ दूरी पर बाजू में नर्सिंग हॉस्टल है। अस्पताल के वार्ड व नर्सिंग हॉस्टल की पानी निकासी के लिए पक्की नाली बनी हुई है। यह नाली मर्चच्यूरी के सामने से होकर फिल्टर प्लांट व बाउंड्रीवाल से चिपककर बनी बड़ी नाली में जाती है। अस्पताल के न्यू वार्ड व हॉस्टल से रोजाना काफी मात्रा में गंदा पानी नाली में आता है, लेकिन नाली मर्चच्यूरी के पास चोक हो गई है जिसके कारण गंदा पानी नाली में बहने की बजाय उपर से छलक मर्चच्यूरी के आजू-बाजू स्थित गड्ढों में भर रहा है। मर्चच्यूरी के चारों तरफ काफी मात्रा में गंदा पानी का जमाव हो गया है जिससे असहनीय दुर्गंध आ रही है। अस्पताल के अंतिम छोर पर स्थित मर्चच्यूरी की तरफ अस्पताल स्टाफ का आना-जाना होता है। लेकिन घटना दुर्घटना या आत्महत्या के केस आने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चच्यूरी लाया जाता है। शव के साथ उसके परिजन व परिचित बड़ी संख्या में होते हैं जिन्हें शव का पोस्टमार्टम होने तक मर्चच्यूरी के आसपास घंटों रहना पड़ता है। गंदे पानी की निकासी नहीं होने से मर्चच्यूरी के आसपास डबरा बना गया है। इससे निकलने वाली असहनीय दुर्गंध से परिजनों का वहां पर रुक रह पाना मुश्किल हो गया है। पोस्टमार्टम के लिए मर्चच्यूरी आने वाले डॉक्टर, पुलिस व चीरघर के स्टाफ को भी असहनीय बदबू का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा क्षतिग्रस्त नाली की मरम्मत व सफाई कराकर जमा पानी की निकासी व्यवस्था की जानी चाहिए।



## खबर संक्षेप

### घासीदास जयंती आज निकलेगी संदेश शोभायात्रा

**अंवरी।** ग्राम सोनपुर में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती एवं मेला मड़ई का आयोजन किया जायेगा। इस



अवसर पर संदेश शोभायात्रा निकलेगी। इस दौरान राम बलराम ग्राम निपानी जिला बालोद की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में अशोक बंजारे, जगमोहन पात्रे, माखन चंदेल , रामजी बांधे, महेंद्र सोनबेर, अमरदास बंजारे, तिलक बघेल, कमलेश कुर्रे, डाकेश मारकंडे, रामलाल पाटले, रामलाल पाटले, महेत्तर बांधे जुटे हुए हैं।

### दुगली के अटल चौक पर भाजपा मंडल कुकरेल के कार्यकर्ताओं ने पूजा अर्चना की

**नगरी।** भारतीय जनता पार्टी के पुरोधा, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाए जाने से पूर्व नगर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। दूसरे दिन ग्राम दुगली के बिरनपारा अटल चौक पर भाजपा मंडल कुकरेल के कार्यकर्ताओं ने अटल स्मारक की पूजा अर्चना कर प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी को याद किया। मौके पर जनपद सदस्य कलावती मरकाम, सुरेंद्रराज ध्रुव, श्यामाचरण मंडावी, आशाराम ओटी, भोज सोनवानी, अर्जुन सिंह नेताम, पूर्व उपसरपंच हरीश परते, सोहन लाल मरकाम, वरुण देव नेताम समेत अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वाजपेयी जी का जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन एवं स्वच्छ राजनीतिक मूल्यों का प्रतीक रहा है, जिनसे प्रेरणा लेकर सुशासन दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता के साथ-साथ अटल जी के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया गया। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना की।

नगर पालिका परिषद ने नगर विकास से जुड़े अनेक एजेंडों पर जताई सहमति

# निर्णय : नपा कार्यालय अब नई मंडी के पास बन रहे भवन में स्थायी रूप से होगा स्थानांतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

नगर पालिका कुरूद द्वारा सभाकक्ष में परिषद का विशेष सम्मेलन अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर की अध्यक्षता में हुआ जिसमें 2 मुख्य बिन्दु और 5 अन्य बिंदुओं पर विचार हुआ। विकास कार्यों के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने, विभिन्न वार्डों में रोड-नाली निर्माण, बिजली एवं आवश्यक सुविधाओं के लिए विभागीय मंत्री को मांग पत्र देने का निर्णय लिया गया।

शुक्रवार को आहूत परिषद की बैठक में मुख्य रूप से गणतंत्र दिवस समारोह खेल मैदान में आयोजित करने सर्व सम्मति से निर्णय किया गया। वहीं केनाल रोड में बन रहे स्वामी विवेकानंद मंगल भवन में नगरपालिका कार्यालय को अस्थाई रूप से न ले जाकर नई मंडी गेट के पास निर्माणाधीन नगरपालिका कार्यालय में स्थाई रूप से जाने का निर्णय लिया गया। वहीं नगर विकास के महत्वपूर्ण बिंदुओं की योजना को परिषद के समक्ष सभी सदस्यों की स्वीकृति के लिए रखा गया। जिसमें मुख्य रूप से स्वामी विवेकानंद मंगल भवन से लेकर केसीपीएस स्कूल तक गौरव पथ निर्माण कर आदर्श रोड का दर्जा देने, केनाल रोड के दोनों तरफ़ को आदर्श रोड का दर्जा देकर गौरव पथ के लिए शासन से राशि मांग करने, सांधा से लेकर कारगिल चौक तक, कारगिल चौक से बाईपास रोड तक, अब्दुल कलाम गार्डन से भारद्वाज मिल स्टोर वाले रोड को गौरव पथ में सम्मिलित करने निर्णय किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर, उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, विधायक प्रतिनिधि प्रतिनिधि भानु चंद्राकर, नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, समस्त विभागों के सभापति, पार्षदगण, नगर पालिका कुरूद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, निवृर्तमान इंजीनियर भोजराज सिन्हा, इंजीनियर कमलेश साहू, नगरपालिका कुरूद के सभी विभाग के कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।



#### मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने पर दिया जोर

बैठक में नये बाजार में संपूर्ण जगहों पर सीसीकरण, चेकर टाइल सहित गौरवपथ के रूप में रोड, भूमिगत नाली, बिजली विस्तार कार्य के लिए शासन से राशि मांग करने, केनाल रोड की शासकीय जगहों में अतिक्रमण से मुक्ति पाने के लिए बाऊन्ड्रीवाल निर्माण एवं सौंदर्यीकरण करने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। पुराना बाजार के पास संपूर्ण जगहों पर डामरीकरण रोड, भूमिगत नाली, आवश्यकतानुसार बिजली, फुटकर व्यवसायियों के लिए आकर्षक शेडनुमा केनोपी लगाने, सौंदर्यीकरण करने का निर्णय किया गया। लाइट सुधार कार्य के लिए बड़े बिजली वाहन हेतु शासन से राशि मांग के लिए निर्णय किया गया।

#### फिर से नए टेंडर लगाने बनी सहमति

दुकान नीलामी में उच्चतम बोली होने पर दुकानदारों को किराये की राशि 1 प्रतिशत तत्काल लेने के लिए निर्णय लिया गया। वार्ड क्रमांक 5 में 3 साल पूर्व पानी टंकी के टेंडर को कैंसिल करके नये टेंडर लगाने के लिए सर्वसम्मति से निर्णय किया गया। नये बाजार क्षेत्र में उचित जगह देखकर नई पानी टंकी का निर्माण, वार्ड क्रमांक 15 अटल आवास के पास बनी जर्जर पानी टंकी को लोक निर्माण विभाग से जर्जर घोषित कर नई पानी टंकी निर्माण के लिए राशि मांग करने एवं सौंदर्यीकरण करने शासन को प्रस्ताव भेजने निर्णय लिया गया।

# अटल जयंती पर भाजपा कार्यालय में प्रदर्शनी एवं विचार गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में अटल के जीवन, विचारों एवं राष्ट्रनिर्माण में उनके योगदान पर आधारित भव्य जीवनी प्रदर्शनी एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि विचार, संवेदना और राष्ट्रभक्ति की जीवंत मिसाल थे। उन्होंने सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों



और अंत्योदय के सिद्धांतों को व्यवहार में उतारकर देश को नई दिशा दी।

भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बेस ने अपने उद्बोधन में कहा कि अटल जी का जीवन हर कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि अटल जी ने राजनीति को सेवा, संवाद और समन्वय का माध्यम बनाया और भारतीय राजनीति में शुचिता की मिसाल कायम की।

पूर्व जिला अध्यक्ष शशि पवार ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में देश ने वैश्विक मंच पर सशक्त पहचान बनाई। उन्होंने पोखरण परमाणु परीक्षण, सड़क एवं आधारभूत संरचना विकास जैसे ऐतिहासिक निर्णयों को याद करते हुए अटल जी को युगदृष्टा नेता बताया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा अटल जी की जीवनी पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन एवं निरीक्षण किया गया। प्रदर्शनी में अटल जी के बाल्यकाल, राजनीतिक जीवन, प्रधानमंत्री कार्यकाल, कवि व्यक्तित्व एवं राष्ट्रहित में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों को चित्रों व विवरणों के माध्यम से दर्शाया गया।

मंच पर बिथिका विश्वास, श्यामा साहू, ज्योति साहू, सरला जैन, शुभम जायसवाल, हेमंत चंद्राकर, विजय साहू, उमेश साहू उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कविंद्र जैन रोहिताश मिश्रा, अनीता यादव, विनय जैन, राजीव चंद्राकर, गौरव मगर, कोमल देवांगन, अनिल तिवारी, भागवत यादव, कृष्ण हिरवानी, कोमल सार्वा, अविनाश दुबे, जितेश सिन्हा, ओमेश यादव, प्रीतम साहू, अमित अग्रवाल, शुभांक मिश्रा, अजय ध्रुव, नंदू लोधी, संजय देवांगन के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन जिला महामंत्री राकेश यादव के द्वारा और आभार प्रदर्शन महामंत्री महेंद्र पंडित के द्वारा किया गया।

## अंचल की खबरें

### बकली में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता को किया स्मरण



**सिर्री।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता स्व. अटलबिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को ग्राम बकली में मनाई गई। मुख्य वक्ता अधिवक्ता थानेश्वर तारक महामंत्री भाजपा सिर्री मंडल ने स्व. अटल बिहारी की संपूर्ण देश एवं राज्य के प्रति समर्पण, राजनीतिक उपलब्धि सहित समाजसेवा में किए गए कार्यों और उनके व्यक्तित्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में बूथ क्रं 1 अध्यक्ष अंकालुराम नगारची, बूथ क्रं 2 अध्यक्ष उग्रसेन साहू, बीएलओ मन्नूलाल, शिव साहू, चुमेश्वर साहू, नोहर सिंग, रामचन्द्र, हरिराम, कन्हैयालाल, बृजलाल, नीलकंठ, होरीलाल, अश्वनी, जनकलाल, महिला मोर्चा बूथ क्रं 1 अध्यक्ष सोनिया तारक, डामेश्वरी साहू, बूथ क्रं 2 में मोर्चा अध्यक्ष, ग्वालिन नगारची, टोमेश्वरी, कुमारी, लीला, बिमला, तारिणी, संध्या समेत अन्य मौजूद थे।

### दुगली स्कूल में अटल बिहारी की जयंती मनाई गई



**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुगली में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य कलावती मरकाम, पालक समिति सदस्य भोज सोनवानी, वरुण देव नेताम, आशाराम ओटी, श्यामाचरण मंडावी, राजेंद्र यदु, शिक्षक आरके नेताम सहित शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। वक्ताओं ने अटलजी के आदर्शों, सरल व्यक्तित्व और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत जीवन पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

### भाजपाइयों ने अटल बिहारी को किया नमन



**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में भाजपाइयों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती मनाई। इससे पूर्व अटल चौक की साफ-सफाई की गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन राष्ट्र सेवा, सुशासन एवं स्वच्छ राजनीतिक मूल्यों का प्रतीक रहा है। अटलजी के विचारों को आत्मसात करें। मौके पर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कोमल यदु, भाजपा बूथ अध्यक्ष रेखराम ध्रुव, फग्गू यादव, जितेन्द्र कंवर, ओम प्रकाश निषाद, उगेश ध्रुव, तामेश्वर साहू, लक्ष्मण नेताम, सोमनाथ यादव, लेखराम निषाद, कांशी यदु, हेमंत ध्रुव, कुलेश्वर निषाद, पवन निषाद, मालती यादव उपस्थित थे।

### मेघा सोसाइटी में टी-शर्ट का वितरण



**मगरलोड।** मेघा सोसाइटी में भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर धान तौलने वालों को प्राधिकृत अधिकारी संतोष कुमार सोनी द्वारा टी-शर्ट का वितरण किया गया।

### रामपुर स्कूल में अटल की जयंती मनाई गई




**बगदेही(धमतरी)।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा चित्रकला, निबंध लेखन, पोस्टर, गीत, कविता, भाषण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य एमआर मनहर, व्याख्याता आरके बघेल, एचके साहू, आरके टंडन, केके वर्मा, बीके निषाद, जेके साहू, व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू, डीके साहू, पी शर्मा, एस साहू, जे ध्रुव, एम ठाकुर समेत छात्र - छात्राएं उपस्थित थे।

# शरीर से नहीं बल्कि कर्म से उत्तम बने : वर्षा

■ ग्राम सांकरा में आयोजित है शिवमहापुराण कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

सच्ची महानता शरीर से नहीं, बल्कि कर्मों और निष्ठा से आती है। शरीर नहीं, कर्म महत्वपूर्ण होते हैं। रामचरितमानस में प्रत्यक्ष प्रमाण है कि शरीर से उत्तम होने के बाद भी रावण का पतन हो गया। वहीं पक्षी होकर भी कर्म महान होने के कर जटायु महान हो गया। उक्त बातें



श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा उज्जैन से पहुंची राष्ट्रीय कथावाचक सुश्री वर्षा नागर ने कही।

ग्राम सांकरा में 24 दिसम्बर से आयोजित सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा के दूसरे दिन शिव मंत्र का प्रथम उच्चारण, कथा श्रवण के लाभ एवं निंदा एवं कर्म आदि पर अपना व्याख्यान देते हुए कथा वाचिका सुश्री नागर ने कहा कि रावण अत्यंत ज्ञानी और शक्तिशाली था, अपने अहंकार और अधर्म के कारण पतन को प्राप्त हुआ, जबकि पक्षी जटायु ने धर्म और कर्तव्य के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया, जिससे वे अमर हो गए और श्रीराम के मित्र कहलाए। यह घटना हमें सिखाती है कि मनुष्य का वास्तविक स्वरूप उसके बाहरी रूप या शारीरिक शक्ति से नहीं, बल्कि उसके कर्मों, नैतिक मूल्यों और धर्म के प्रति समर्पण से बनता है। रावण का अंत और जटायु की अमरता इस बात का प्रमाण है कि सही कर्म व्यक्ति को महान बनाते हैं, भले ही वह कितना भी साधारण क्यों न हो। कथा श्रवण करने श्री राधे-राधे आयोजक परिवार के अलावा सैकड़ों कथा सत्संग प्रेमी उपस्थित थे।

### घासीदास जयंती पर बच्चों को कराया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

शासकीय प्राथमिक शाला सोनपुर में श्रीमती ललिता भतपहरी सदस्य जनपद पंचायत कुरुद द्वारा बाबा गुरु घासीदास जयंती के उपलक्ष्य में बच्चों को न्योता भोज कराया गया। न्योता भोज में बच्चों को खीर पूड़ी एवं केला दिया गया साथ ही पेन व कॉपी दी गई। इस अवसर पर नेतराम मारकंडे प्रधानपाठक, गंगा साहू सहायक शिक्षक, भावना वासनिक सहायक शिक्षक, शाला प्रबंधन समिति सोनपुर से सेवकराम साहू, महेंद्र सोनबेर, हितेश्वरी साहू उपस्थित थे।

### मुरा में भारतरत्न अटल जी को किया याद



हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

ग्राम ग्राम पंचायत मुरा में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई गई। उनके योगदान को नमन किया। मौके पर सरपंच राकेश कुमार साहू , कमलेश साहू, पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष श्री डॉ दुलारुराम साहू, पंचगण युवराज साहू, भुनेश्वर साहू, सुमेर, बसंत, योगीराज साहू, प्रहलाद साहू, रूपेंद्र साहू, कंप्यूटर आपरेटर ओमप्रकाश साहू, सुरेन्द्र नागरची महिला पंच श्रीमती उषा साहू, धनेश्वरी साहू, जाना साहू, सरोजनी साहू, माहेश्वरी साहू, कुंती साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भूपेश्वरी साहू, श्रीमती गुंजा साहू समेत अन्य मौजूद थे।

# श्रद्धालुओं ने सुनी भगवान राम-कृष्ण जन्म की कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ग्राम बगौद में श्रीमद् भावगत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 28 दिसम्बर तक किया गया है।

कथावाचक लक्ष्मणाचार्य महाराज ने श्रीराम चरित्र, श्री कृष्ण जन्म, नंद महोत्सव, माखन चोरी की कथा बताते हुए कहा कि श्रीराम भगवान विष्णु के सातवें अवतार हैं। श्रीराम बाल्यकाल से ही मर्यादा, सत्य और धर्म के प्रतीक थे। पिता की आज्ञा से उन्होंने 14 वर्ष का वनवास





स्वीकार किया। वनवास के दौरान माता सीता का रावण द्वारा हरण हुआ। श्रीराम ने वानर सेना की सहायता से लंका पर चढ़ाई की। रावण का वध कर धर्म की स्थापना की। अयोध्या लौटकर रामराज्य की स्थापना की।

आगे कहा कि श्रीकृष्ण भगवान विष्णु के पूर्ण अवतार हैं। मथुरा के राजा कंस को आकाशवाणी हुई कि देवकी का आठवां पुत्र उसका वध करेगा। कंस ने देवकी-वासुदेव को कारागार में बंद कर दिया। देवकी के सात पुत्रों को कंस ने मार डाला। भाद्रपद कृष्ण पक्ष अष्टमी की अर्धरात्रि में भगवान कृष्ण का जन्म हुआ। जन्म के समय कारागार के ताले खुल गए, पहरेदार सो गए। वासुदेव ने बालक कृष्ण को गोकुल पहुंचा दिया और यशोदा की पुत्री से अदला-बदली की। कंस ने उस कन्या को मारना चाहा, लेकिन वह योगमाया बनकर आकाश में विलीन हो गई।

# सच्ची भक्ति से भगवान शीघ्र प्रसन्न होते हैं : योगेश वत्स

■ खुरसेंगा में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

मोनिका साहू की स्मृति में ग्राम खुरसेंगा में 23 से 31 दिसम्बर तक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है।

कथा वाचक योगेश वत्स उल्वा वाले ने 25 दिसम्बर को ध्रुव चरित्र एवं भरत कथा की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति से भगवान शीघ्र प्रसन्न होते हैं। ध्रुव राजा उत्तानपाद के पुत्र थे। उनकी माता का नाम सुनीति और सौतेली





माता सुरुचि थीं। बालक ध्रुव अपने पिता की गोद में बैठना चाहते थे, लेकिन सुरुचि ने उन्हें अपमानित करते हुए कहा कि राजा की गोद में बैठने के लिए अगले जन्म में मेरे गर्भ से जन्म लेना पड़ेगा। यह बात ध्रुव के हृदय को बहुत दुखी कर गई। माता सुनीति ने उन्हें भगवान विष्णु की भक्ति का मार्ग बताया। ध्रुव ने वन जाकर नारद मुनि से मंत्र दीक्षा ली और कठोर तपस्या की। मात्र 5 वर्ष की आयु में ध्रुव ने भगवान विष्णु को प्रसन्न कर लिया। भगवान ने उन्हें अटल पद (ध्रुव लोक) प्रदान किया, जो आज भी ध्रुव तारे के रूप में जाना जाता है। भरत कथा प्रसंग पर कहा कि भरत महाराज ऋषभदेव के पुत्र थे। उन्हीं के नाम पर हमारे देश का नाम भारतवर्ष पड़ा। भरत महाराज बहुत बड़े भक्त और तपस्वी राजा थे। राज्य त्यागकर वे वन में तपस्या करने लगे। एक दिन उन्होंने एक हिरण के बच्चे की रक्षा की। धीरे-धीरे उनका मन हिरण में आशक्त हो गया। मृत्यु के समय हिरण का स्मरण होने से उन्हें अगला जन्म हिरण के रूप में मिला। तीसरे जन्म में वे जड़ भरत बने। अंत में उन्हें मोक्ष प्राप्त हुआ।

Pride of Dhamtari

अंशु ट्रेडर्स एंड हार्डवेयर
SAGAR TMT
एक बार रेट पूछताछ जरूर कर लेवें
प्रो. देवनारायण साहू, मौरीकला (कुरूद), जिला-धमतरी मो. 9301661519
कुरुद/नवापारा/अभनपुर से भी कम दाम पर उपलब्ध
हमारे यहां सभी प्रकार के सीमेंट और छड़ (सरिया) उपलब्ध है
जैसे - अल्ट्राटेक, जेके लक्ष्मी, श्री सीमेंट, ड्यूराबार्ड सीमेंट, छड़ (सरिया) उपलब्ध है

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17534, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### अटल चौक सलोनी में सुशासन दिवस मना



**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम पंचायत सलोनी में सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती रोमी चंदन ध्रुव की अगुवाई में जनप्रतिनिधियों ने अटल बिहारी वाजपेयी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित किए। मौके पर उपसरपंच देवेन्द्र कुमार साहू, सचिव सुनील नेताम, वार्ड पंच ओमप्रकाश देशमुख, भुनेश्वरी ध्रुव, अश्वनी ध्रुव, डगेन्द्र ध्रुव, ग्रामीण अध्यक्ष दानी राम नागेश, फूलजी साहू, पूर्व सरपंच नरेश दीवान, सत्तर निषाद, सीताराम डहरिया, नीलकमल धृतलहरे, मेहत्तर मण्डावी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### अग्निवीर दीपक का शाला परिवार ने किया सम्मान



**धमतरी।** अग्निवीर में चयन होने पर छात्र दीपक कुमार साहू का शासकीय हाईस्कूल सांकरा दवारा सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि दीपक कुमार साहू थे। अध्यक्षता किशोर कुमार साहू प्राचार्य ने की। विशिष्ट अतिथि उदयराम साहू सरपंच, यत्रींद्रनाथ सोनवानी और अंगेशवर साहू रहे। कार्यक्रम में बीआर साहू, बीके साहू, ममता केरकेट्टा श्रद्धा समेत अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डीके यादव व्याख्याता ने किया।

### कथावाचक कामताप्रसाद ने किए पंचमुखी हनुमान के दर्शन




**धमतरी।** शहर के बनियापारा में आयोजित शिव महापुराण कथा के समापन के बाद कथावाचक कामताप्रसाद शरण सिद्धि पंचमुखी हनुमान मंदिर आमापारा में दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर में उनका स्वागत वार्डवासियों ने किया। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद वार्डवासियों ने उनका स्वागत शाल, श्रीफल भेंटकर किया। उन्हें एक दिवसीय रामायण कार्यक्रम के लिए आमंत्रण भी दिया। मौके पर पूर्व पार्षद संजय डागौर, अर्जुन नाग, धन्नू पटेल, डा. गजेन्द्र पटेल, अर्जुन सिन्हा, रवि कुमार पटेल, भावेश पवार, ज्योति पटेल, रामेश्वरी सिन्हा, कौशिल्या ढीमर, मालती पटेल, गायत्री प्रजापति, पूजा नाग, सीमा नाग, शारदा महोबे, तारा महोबे, अनुसुईया पवार उपस्थित थे।

### सभापति ने किया सीसी रोड का भूमिपूजन



**कुरुद।** जिला पंचायत धमतरी क्षेत्र क्रमांक 2 अंतर्गत ग्राम पंचायत गातापार (अ) में जिला विकास निधि से 4 लाख रुपए एवं जनपद विकास निधि से स्वीकृत 2 लाख रुपए से पंचायत गली से राजकुमार डहरे गली में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन मुख्य अतिथि श्रीमती कुलेश्वरी गायकवाड़ सभापति जिपं धमतरी ने किया। इस दौरान सभापति श्रीमती गायकवाड़ ने कहा कि जबसे डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ में बनी है तब से विकास की गंगा बह रही है। क्षेत्र के विधायक अजय चंद्राकर के मार्गदर्शन में गांवों की जरूरी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता से पूरा किया जा रहा है। इस अवसर पर ललिता रमेश भतपहरी सदस्य कुरूद, सरपंच शेखरलाल साहू, पंचगण फूलसिंह साहू, लेखराम यादव, उपसरपंच राधेलाल सोनवानी, सचिव प्रीति नायक एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### पीपरछेड़ी में स्वच्छता अभियान चलाया गया



**धमतरी।** स्वच्छ धरा वेलफेयर समिति छत्तीसगढ़ की टीम द्वारा ग्राम पंचायत पीपरछेड़ी में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान चलाया गया। गौरव पथ के आसपास कचरे से भरी बदबूदार नालियों एवं आसपास उगी कटीली झाड़ियों तथा खरपतवार की साफ-सफाई की गई। पीपरछेड़ी वासियों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया। इस अभियान में सरपंच श्रीमती आशनी साहू भी मौजूद थीं। समिति के संस्थापक प्रदेश अध्यक्ष नवनीत कुमार हरदेल ने कहा कि अपने जीवनकाल में स्वच्छता को सभी लोगों को अपनाना चाहिए। प्रभारी गौसेवक दिनेश कुमार देशमुख ने कहा कि समिति स्वयं स्वच्छता का पालन कर समाज को इसके लिए प्रेरित करने का कार्य कर रही है। अपने आसपास स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का कार्य कर और लोगों को जागरूक करने का काम करें।

### फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर से 14 युवाओं का चयन

**धमतरी।** फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर रूद्री धमतरी से एक बार फिर युवाओं की मेहनत और अनुशासन ने सफलता की नई इबारत लिखी है।



हाल ही में आयोजित चयन प्रक्रिया में कुल 14 युवाओं का चयन हुआ, जिससे क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। फ्रीडम फिजिकल ट्रेनिंग के संचालक एक्स आर्मी एलके साहू ने चयनित युवाओं से कहा कि यह सफलता केवल शारीरिक ताकत की नहीं, बल्कि मजबूत हौसले, आत्मविश्वास और देश के प्रति समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग के दौरान युवाओं को अनुशासन, कठिन परिश्रम और मानसिक मजबूती के साथ आगे बढ़ना सिखाया जाता है।

## सिवनीकला में विधिक शिविर का हुआ आयोजन

# पुलिस जनता की सेवा के लिए है, डरे नहीं

- न्यायाधीश ने नशामुक्ति, साइबर क्राइम, डिजिटल अरेस्ट पॉक्सो एक्ट की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम सिवनीकला मेंविधिक शिविर का आयोजन हुआ। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय कुरूद के न्यायाधीश राधेश्याम ध्रुव ने ग्रामीणों को कानून संबंधी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पुलिस जनता की सेवा के लिए होती है। किसी को भी थाने में जाने से डरना नहीं चाहिए। घरेलू हिंसा, पॉक्सो एक्ट, गाड़ी की बीमा और ड्राइविंग लाइसेंस की अनिवार्यता की जानकारी दी। एक्सीडेंटल केस में गाड़ी मालिक पर कार्रवाई की जाती है। उन्होंने साइबर क्राइम के बारे में बताया कि मोबाइल में किसी को भी गलत, अनर्गल मैसेज नहीं भेजना चाहिए। साइबर फ्राड हो रहा है। आपके परिजनों के आवाज में ही पैसे की मांग करते हुए फोन आता है।

एआई टूल के माध्यम से समान आवाज रिकार्ड हो जाती है और इसका उपयोग करके पैसे की लूट की जाती है जिस खाते से पैसा खाली किया गया है । उसका मैसेज रिकार्ड आदि जानकारी देकर साइबर सेल में रिपोर्ट से पैसा रुक जाता है। 1 से 2 दिन में पैसा वापस आ जाता है। इसके अलावा डिजिटल अरेस्ट का मामला संवेदनशील है। फर्जी तरीके से अधिकारी बनकर ऑनलाइन पैसा वसूली की घटना हो रही है। कई केस में फर्जी लिंक से खाता संचालन की सहमति अनजाने में लोग दे देते हैं। खाताधारक की अनुमति के बाद से पूरा पैसा खाली हो जायेगा और मैसेज भी नही आयेगा। भले ही नंबर खाते से लिंक है। बच्चों को ऑनलाइन गेम से दूर रखे। मोबाइल पर ऑटो पे ऑप्शन चालू हो गया हो तो उसे बंद करे। पालकों को अवगत कराया कि बच्चों को नशे से दूर रखे। बच्चों को नशे की गोलियां, शराब आदि की लत न लगने दें। आवश्यकता पड़ी तो नशामुक्ति केंद्र अवश्य लेकर जाएं।

इस अवसर पर थानेश्वर तारक महामंत्री भाजपा सिर्री मंडल, टकेश्वर चंद्राकर शक्ति केंद्र प्रभारी, टेकराम साहू जनपद सदस्य, चंद्रप्रकाश साहू सिवनीकला सोसायटी अध्यक्ष, लता ध्रुव सरपंच सिवनीकला, उपसरपंच दीपदान साहू, सुशील साहू पूर्व जनपद सदस्य, पूर्व सरपंच विक्रम साहू, बूथ अध्यक्ष कपिल देव पटेल, ग्राम पटेला सुरेश तारक, सुरेश साहू, दिलीप साहू, द्विजराम साहू, धरमिन साहू, वेणुका साहू, शशि, कुलेश्वरी, शांता, भगवती, परमिला, मीना, लक्ष्मी, कमला सहित अन्य उपस्थित थे।

# आईटीआई में वीर बाल दिवस मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

शासकीय आईटीआई मगरलोड में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के प्रांगण में सुबह से ही देशभक्ति की भावना भरपूर थी। छात्रछात्राओं ने गीतसंगीत, कविता वाचन और निबंध प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य साहिबजादों के त्याग और साहस को याद कर युवा मन में राष्ट्रीय भावना को और मजबूत बनाना था।

संस्था प्रमुख सुश्री भानुमति ठाकुर ने कहा कि वीर बाल दिवस हमें न केवल इतिहास की याद दिलाता है, बल्कि आज के बच्चों में भी देशसेवा की भावना को जागृत करता है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरित किए गए। मंच संचालन प्रशिक्षण अधिकारी तुषार भट्ट ने किया। उन्होंने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम केवल शासकीय आईटीआई मगरलोड में ही नहीं, बल्कि पूरे देश के कई स्कूलकॉलेजों में भी आयोजित किया गया है। इससे बच्चों में साहस और राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रोत्साहन मिला है। मौके पर संस्थान के प्रशिक्षण अधिकारी गोपीचंद, वोसिन साहू, महेश सिन्हे, सुशील देवांगन का योगदान रहा।

# साहिबजादों के अदम्य साहस और बलिदान को किया नमन



- हिंदू संगठन ने बजरंग चौक में मनाया वीर बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

हिंदू संगठन द्वारा बजरंग चौक में वीर बाल दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर साहिबजादा जोरावर सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए गए तथा उनके अदम्य साहस और बलिदान को नमन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वीर बालकों अद्वितीय साहस के प्रतीक हैं, जिन्होंने मात्र 7 और 9 वर्ष की अल्पायु में अत्याचार के सामने झुकने के बजाय धर्म और स्वाभिमान की रक्षा हेतु अपने प्राणों का बलिदान दिया। दीवारों में जिंदा चुन दिए जाने के बावजूद भी उन्होंने अपने धर्म से समझौता नहीं किया।

वक्ताओं ने कहा कि साहिबजादों का बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके जीवन से यह सीख मिलती है कि साहस और सत्य की कोई उम्र नहीं होती। देश सदैव इन वीर पुत्रों का ऋणी रहेगा और उनके बलिदान की गाथा हर बच्चे तक पहुंचना आवश्यक है।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, गोकुल देवांगन, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, भाजपा महामंत्री रुपेंद्र साहू, सरपंच नरसिंग मरकाम, पूर्व सरपंच महेंद्र नेताम, राकेश नारंग, बिलू कोठारी, जसपाल खनूजा, भावेश चोपड़ा, जानू तिवारी, अशोक संचेती, खेमेन्द्र साहू, कमल डागा, शंकरदेव, देवेंद्र साहू, निखिल नेताम, एस. कुमार साहू, प्रतिभा देवगन सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

# महिला कमांडो ने नशामुक्ति जागरुकता अभियान चलाया



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

क्षेत्र में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से महिला कमांडो दुर्गा चौक नगरी द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। युवाओं के साथ-साथ बच्चों और आम नागरिकों में नशे के प्रति बढ़ती लत को देखते हुए मुहल्लों में घूम-घूमकर नशामुक्ति का संदेश दिया और लोगों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराया।

इस अभियान को सफल बनाने में थाना प्रभारी श्री ताम्रकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने समय-समय पर बैठकों के माध्यम से महिलाओं को आगे आकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु प्रेरित किया।

उनके मार्गदर्शन में महिला कमांडो ने नशामुक्ति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। महिलाओं की इस जागरूकता मुहिम का सकारात्मक असर अब साफ दिखाई देने लगा है।

महिला कमांडो द्वारा किए जा रहे इस सामाजिक प्रयास की स्थानीय नागरिकों सहित प्रशासनिक स्तर पर भी सराहना की जा रही है। यह पहल न केवल समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है, बल्कि महिलाओं की जागरूकता और नेतृत्व क्षमता का भी सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करती है।

## सीएम ने किया जीवनपद्धति पुस्तक का विमोचन



धमतरी। गौ माता पर आधारित जीवनपद्धति पुस्तक का विमोचन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया।

# 400 विद्यार्थियों ने गणित और विज्ञान में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



20 दिसंबर को जिला स्तरीय राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नागेंद्र पांडे सेवानिवृत प्राचार्य सेजेस बठेना थे। अध्यक्षता श्रीमती पूनम पांडे प्राचार्य डॉ. शोभाराम देवांगन शाउमावि धमतरी ने की। विशिष्ट अतिथि एलडी चौधरी विकासखंड शिक्षा अधिकारी धमतरी, श्रीमती लक्ष्मी साहू सेवानिवृत प्राचार्य, शैलेंद्र तरार सेवानिवृत्त व्याख्याता, सुधीर गायकवाड़, आरडी प्रजापति, अजय पांडे, आरके साहू थे।

जिले के समस्त विद्यालयों से करीब 400 विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिता जैसे मॉडल मेकिंग, मैथ्स एग्जीबिशन, क्विज, डिबेट, पोस्टर मेकिंग, रंगोली, मेंटल चैलेंज और थेमेटिक साइंस एंड टेक्नोलॉजी एग्जीबिशन, डांस-ड्रामा, कविता आदि में बढ़-चढ़कर भाग लिया और गणित के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

जिला समन्वयक एनसीएससी योगेश कुमार यदु ने कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि जगाना और उनकी प्रतिभा को निखारना बताया। उन्होंने महान गणितज्ञ श्रीनिवासन रामानुजन के जीवन और गणित के क्षेत्र में उनके योगदान पर भी प्रकाश डाला। अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को गणित विषय में उद्यमिता, नवाचार और भविष्य के अवसरों के प्रति प्रेरित किया। गणित विषय के व्याख्याता एवं शिक्षकों ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई और सभी प्रतियोगिताओं का अवलोकन किया। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन किया गया। समापन के छात्र-छात्राओं को पुरस्कार, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। आभार प्रदर्शन आलोक मत्स्यपाल ने किया।

इस अवसर पर नरेंद्र साहू जिला शिक्षा विभाग, व्याख्यातागण योगेंद्र देवांगन, हरीश सिन्हा, अजय साहू, प्रमोद शार्दुल, योगेश लूनिया, खुमान साहू, टिकेश्वर पांडे, जीवनलाल साहू, राजेश मिश्रा, हरबंश साहू, सोहन साहू, धीरज सोनी, लोमस पटेल, अरविंद सोम, आरके साहू, दिलीप साहू, केके साहू, धनंजय सोनकर, लालेश सिन्हा, श्रीमती निशा साहू, श्रीमती भूमिका तरार, श्रीमती मंजूषा साहू, श्रीमती प्रीति साहू, श्रीमती सावित्री देवांगन, सुश्री परविंदर कौर गिल सहित अन्य गणित विषय के शिक्षक शामिल थे।

### अटलजी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है : रंजना

**धमतरी।** ग्राम तेलीनसत्ती में छत्तीसगढ़ निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी को अटल स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने अटल चौक में अटलजी के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलन किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि भारतीय राजनीति में विचार, संवाद और संवेदनशीलता के प्रतीक थे। उन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए सुशासन, लोकतंत्र और सर्वसमावेशी विकास की मजबूत नींव रखी। छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण उनका ऐतिहासिक योगदान है, जिसे प्रदेश की जनता कभी नहीं भूल सकती। अटलजी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनकी सादगी, स्पष्ट विचारधारा, राष्ट्रप्रेम और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति निष्ठा आज भी हमें मार्गदर्शन देती है।

### जीजामगांव में भागवत कथा जारी, पांचवें दिन वामन अवतार, श्रीराम और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा हुई

# जब संसार में अत्याचार बढ़ता है तब भगवान अवतार लेते हैं : पंडित तारेंद्र





हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

ग्राम जीजामगांव मे 22 से 30 दिसंबर तक साहू परिवार द्वारा संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है। प्रवचनकर्ता रायपुर निवासी पं. तारेंद कृष्ण महाराज हैं। भागवत कथा के 5वें दिन पं. तारेंद्र महाराज ने वामन अवतार, श्रीराम कथा, कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई।

पण्डित महाराज ने देवकी और कंस की कथा को मार्मिक ढंग से सुनाते हुए कहा कि जब संसार में अत्याचार बढ़ता है तब भगवान का अवतार होता है। जब कंस का अत्याचार बढ़ गया तब भगवान श्री कृष्ण ने अवतार लिया। जब भगवान का जन्म हुआ तो अपने आप ही वासुदेव की बेड़ियां टूट गईं। कथा दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक चलती है। बड़ी संख्या मे श्रोताओं की भीड़ उमड़ी रहती है। श्रोता अनेक भजन सुनकर झूम उठते हैं।

इस बीच सिर्री अंचल के पत्रकार रामनाथ शर्मा और राधा कृष्ण मंदिर पुजारी पंडित करण शर्मा को व्यास पीठ के माध्यम से सम्मानित किया। 27 दिसंबर शनिवार को संगीतमय भागवत कथा में महाराज के श्रीमुख से कृष्ण बाललीला, माखन चोरी और महारास व 56 भोग की कथा सुनाई जाएगी। शुक्रवार को कथा सुनने सुरेंद्र साहू पाटन तहसील संघठन सचिव, अमृत साहू, कचराबाई साहू, पुरानिकराम, दशोदा साहू, मोहनलाल साहू, हिरमिति साहू, युगलकिशोर साहू, राजेश्वरी साहू, नारद साहू, लता साहू, वेदबती साहू, विश्वनाथ साहू, गोदावरी साहू, संतोष साहू, संगीता साहू, तारिणी साहू, मेघराज साहू, प्रेमिन साहू, प्रीति साहू, शेषकुमारी साहू, शेखर साहू, विद्यारानी साहू, पीकांत साहू, वेदमणि साहू, अमित साहू, ऋतु साहू, देवेंद्र साहू, लुकेश्वरी साहू, निखिल साहू, कोयल साहू, नितिन साहू, दिलेश्वरी साहू उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

# 9 वर्षीय बालक के पेट से सुरक्षित निकाली गई कील



- एंडोस्कोपी पद्धति से हुआ सफल इलाज, चिकित्सा क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आधुनिक चिकित्सा तकनीक और अनुभवी चिकित्सकों की दक्षता के चलते अब धमतरी जैसे शहरों में भी जटिल उपचार संभव हो रहे हैं। पहले मरीजों को बड़े महानगरों की ओर रुख करना पड़ता था। ऐसी ही एक उल्लेखनीय चिकित्सकीय सफलता श्रीराम हॉस्पिटल में देखने को मिली, जहां 9 वर्षीय बालक के पेट से एंडोस्कोपी पद्धति द्वारा नुकीली कील निकालकर उसकी जान बचाई गई।

जानकारी के अनुसार रहमान खान (9 वर्ष) खेलते समय अनजाने में एक कील निगल बैठा। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया और वे तत्काल बच्चे को लेकर श्रीराम हॉस्पिटल पहुंचे।

अस्पताल के संचालक एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नवीन साहू ने बिना समय गंवाए जांच प्रक्रिया प्रारंभ कराई। डॉ. साहू ने अत्याधुनिक एंडोस्कोपी तकनीक का उपयोग करते हुए बिना किसी बड़े ऑपरेशन के बच्चे के पेट में फंसी कील को सावधानी और कुशलता के साथ बाहर निकाला। चिकित्सकों के अनुसार कील अत्यंत नुकीली थी, जो आंतरिक अंगों को नुकसान पहुंचा सकती थी, लेकिन सूझबूझ और अनुभव के कारण किसी भी प्रकार की जटिलता उत्पन्न नहीं हुई।

उपचार के बाद बालक की हालत पूरी तरह सामान्य बताई जा रही है। वह चिकित्सकीय निगरानी में तेजी से स्वस्थ हो रहा है। सफल उपचार के पश्चात बालक के परिजनों ने गहरी राहत की सांस ली और डॉ. नवीन साहू एवं उनकी पूरी मेडिकल टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

डॉ. नवीन साहू ने बताया कि इससे पूर्व भी श्रीराम हॉस्पिटल में पेट के भीतर फंसी आलपिन, 40 से ज्यादा सिक्के व अन्य वस्तुओं को एंडोस्कोपी के माध्यम से सुरक्षित निकाला जा चुका है। उन्होंने कहा कि समय पर उपचार और सही तकनीक से इस तरह की गंभीर स्थितियों को संभालना संभव है।

गौरतलब है कि डॉ. साहू के नेतृत्व में श्रीराम हॉस्पिटल निरंतर धमतरी और आसपास के अंचल में भरोसेमंद चिकित्सा संस्थान के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है।

आधुनिक संसाधन, नवीन तकनीक और मानवीय संवेदना के साथ किया जा रहा उपचार मरीजों के लिए आशा की किरण बनता जा रहा है। यह घटना एक बार फिर इस बात का प्रमाण है कि अब धमतरी जैसे शहरों में भी उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं और सही समय पर लिया गया चिकित्सकीय निर्णय जीवनरक्षक सिद्ध हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### 75 पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैम्प 30 को

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मागदर्शन केन्द्र द्वारा 30 दिसंबर को प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया जाएगा। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक कम्पोजिट भवन स्थित जिला रोजगार कार्यालय में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा फार्मासिस्ट, फार्मासिस्ट सहायक, एचआर, हाउस कीपिंग, सिक्युरिटी गार्ड, फील्ड ऑफिसर, कलेक्शन ऑफिसर आदि के कुल 75 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऐसे आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता फार्मासिस्ट पद हेतु बी. फार्मेसी एचआर पद के लिए एमबीए तथा शेष पदों के लिए दसवीं, बारहवीं उत्तीर्ण हो, वे प्लेसेंट कैम्प में सभी शैक्षणिक तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, निवास, जाति, रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्रों के साथ नियत स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

### 1 जनवरी से डिजिटल क्रांति : ई-ऑफिस से होगा सरकारी कार्यों का संपादन

**धमतरी।** जिले में 1 जनवरी 2026 से डिजिटल गवर्नेंस की नई शुरुआत होने जा रही है। अब सभी शासकीय कार्यालयों में कागजी नस्ती और डाक के बजाय ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से कार्यों का संपादन होगा। जिपं सीईओ गजेन्द्रसिंह ठाकुर ने बताया कि इस ऐतिहासिक कदम से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, गति और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। इस व्यवस्था में जिला खनिज प्रतिष्ठान (डीएमएफ) को विशेष फोकस में रखा गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे से जुड़ी डीएमएफ की सभी फाइलें अब डिजिटल ट्रैक की जा सकेंगी, जिससे फाइलों के लंबित रहने की समस्या खत्म होगी। प्रशासन ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। जिपं सभाकक्ष में अधिकारियों और कर्मचारियों को ई-नोटिंग, डिजिटल हस्ताक्षर और साइबर सुरक्षा का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। निगरानी के लिए तकनीकी विशेषज्ञों की ड्यूटी लगाई गई है, जो विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर 7 दिनों में रिपोर्ट सौंपेंगे। ई-ऑफिस लागू होने से न केवल ऑडिट प्रक्रिया सरल होगी, बल्कि डिजिटल छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को भी मजबूती मिलेगी।

### सोनपुर में मड़ई आज

**सिर्री।** ग्राम सोनपुर (कोड़ेबोड़) में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती एवं मेला मड़ाई का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ 27 दिसंबर शनिवार को मनाई जाएगी। इस अवसर पर संदेश शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा। इस उपलक्ष्य में रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम राम बलराम नाचा पार्टी, ग्राम निपानी जिला बालोद की प्रस्तुति होगी।

## पीजी कॉलेज में जिला स्तरीय वीर बाल मेला का आयोजन

# वीर बालकों की शौर्यगाथा से गूंजा धमतरी








हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

वीर बाल दिवस के अवसर पर बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में जिलास्तरीय वीर बाल मेला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिख समाज के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह के चार साहेबज़ादों की अद्वितीय शहादत और बलिदान को समर्पित रहा। सुबह से शाम तक चले इस आयोजन में जिले भर से चयनित विद्यार्थियों ने चित्रकला, पोस्टर, भाषण, निबंध लेखन और नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से साहेबज़ादों की वीरता को जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने साहेबज़ादों का वेश धारण कर मंच पर शौर्य, त्याग और धर्मरक्षा की गाथाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। निबंध प्रतियोगिता का विषय चार साहेबज़ादे रखा गया, जिसमें प्राथमिक से लेकर उच्चतर माध्यमिक स्तर तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चित्रकारी और पोस्टर प्रतियोगिता में रचनात्मकता और राष्ट्रभक्ति का सशक्त संदेश उभरकर सामने आया, वहीं भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का आत्मविश्वास और ऐतिहासिक बोध सराहनीय रहा। इस जिला स्तरीय आयोजन का संयुक्त संचालन बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जिला शिक्षा विभाग धमतरी एवं माता साहेब देवा कमेटी धमतरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मणराव मगर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वीके पाठक, भाजपा जिला महामंत्री एवं वीर बाल दिवस कार्यक्रम जिला संयोजक राकेश साहू, पार्षद अजय देशलहरे, शुभम जायसवाल, जय हिंदूजा, शिक्षकगण समेत बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी ममता खालसा ने किया तथा प्रतिवेदन प्राचार्य डॉ. वीके पाठक ने प्रस्तुत किया।

### भारतीय इतिहास का गौरवशाली अध्याय

मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने कहा कि चार साहेबज़ादों का बलिदान भारतीय इतिहास का गौरवशाली अध्याय है। वीर बाल दिवस केवल स्मरण नहीं, बल्कि युवा पीढ़ी में नैतिक मूल्यों, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रप्रेम के संचार का सशक्त माध्यम है।

### आने वाली पीढ़ियों के लिए शाश्वत प्रेरणा

कार्यक्रम में मौजूद भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह के साहेबज़ादों की शहादत आने वाली पीढ़ियों के लिए शाश्वत प्रेरणा है। जिन बच्चों ने जीवन को ठीक से देखा भी नहीं, उन्होंने धर्म और देश की रक्षा के लिए प्राण न्योछावर कर दिए। इसी कारण गुरु गोबिंद सिंह सरवंश दानी कहलाए। उन्होंने युवाओं से साहेबज़ादों के जीवन से साहस, आस्था और राष्ट्रभक्ति की सीख लेने का आह्वान किया।

### साहस, त्याग की भावना मजबूत होगी

नोडल अधिकारी ममता खालसा ने बताया कि वीर बाल दिवस के माध्यम से विद्यार्थियों में इतिहास बोध, साहस और त्याग की भावना को मजबूत करने का प्रयास किया गया है। जिले की सभी शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त शालाओं की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को सफल बनाया। यह आयोजन जिले में शैक्षणिक चेतना और राष्ट्रीय मूल्यों के संवर्धन की दिशा में एक प्रभावी और प्रेरणादायक पहल के रूप में याद किया जाएगा।

# राज्यस्तरीय युवा महोत्सव में जिले की एकांकी को मिला प्रथम स्थान



- अवध चित्रकला विधा में राष्ट्र स्तरीय युवा महोत्सव दिल्ली में करेंगे छग का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्यस्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बिलासपुर में आयोजित किया गया था जिसमें धमतरी जिले से लोक नृत्य, पंथी करमा, सुआ, राउत नाचा, लोकगीत, एकांकी नाटक, रॉकबैंड का दल एवं व्यक्तिगत श्रेणी में वाद विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता-लेखन, नवाचार, पारंपरिक वेशभूषा की 14 विधाओं में कुल 94 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। शानदार प्रस्तुति के आधार पर एकांकी विधा मानसी एवं साथी कन्या महाविद्यालय धमतरी की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं अवधराम कंवर ने चित्रकला विधा में अपने कौशल के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित युवा महोत्सव दिल्ली के लिए चयनित हुए। अन्य विधा में जिले की रॉकबैंड धनेन्द्र एवं साथी और लोक नृत्य संकेत एवं साथी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। नोडल अधिकारी डॉ.चंद्रशेखर बांधे, देवव्रत महमल्ला, भूपेंद्रदास मानिकपुरी, यशवंत सिन्हा, सुरेश साहू, रामकुमार विश्वकर्मा, रामसिंह मांडवी, विकास सिंह ठाकुर, प्रियंका जाधव, खुशबू यादव, वंदना सौनक का मार्गदर्शन मिला। इस उपलब्धि पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, जिला खेल अधिकारी पीयूष तिवारी, प्राचार्य अनीता राजपुरिया, प्राचार्य बी मैथ्यू, एएसओ जगतपति देव, उज्जवला साहू, विजयलक्ष्मी सिंह, राजकुमार सिन्हा, वैभव रणसिंह, चंद्रप्रकाश, सोमनाथ, गुलशन, कैलाश ध्रुव, खिलेश्वरी ने हर्ष जताया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि राज्यस्तरीय युवा महोत्सव में धमतरी जिले के प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है।

# कार्पोरेट प्रीमियर लीग 4 का खिताब जैन इलेवन ने जीता





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पीजी कॉलेज स्टेडियम में आयोजित कार्पोरेट प्रीमियर लीग-4 रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जैन इलेवन और टेलीकॉम आर्मी के बीच खेला गया, जिसमें जैन इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टेलीकॉम आर्मी को पराजित कर कार्पोरेट प्रीमियर लीग-4 की ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता को प्रदान की जाने वाली ट्रॉफी स्वर्गीय पुरुषोत्तम दास धोरी पटेल भूतपूर्व विधायक एवं स्व.प्रवीणचंद्र पटेल की स्मृति में पीडी कंपनी के निशित पटेल द्वारा प्रदान की गई।

प्रतियोगिता में प्रथम नगद पुरस्कार 50 हजार रुपये एवं द्वितीय पुरस्कार 30 हजार रुपये रखा गया, जिसे हैवेल्स गैलेक्सी के निशित पटेल द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। इस आयोजन में डॉ. प्रभात गुप्ता, डॉ. सुमित गुप्ता, डॉ. अभिषेक लॉज, डॉ. अभिषेक गोयल तथा डॉ. सतप्रीत सिंह छाबड़ा का विशेष सहयोग रहा।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री कुलस्ते का सर्व आदिवासी समाज करेगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



सर्व आदिवासी समाज द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस पैकरा समाज भवन ग्राम चिल्हाटी पश्चिम मस्तूरी बिलासपुर में 27 दिसंबर को आयोजित है। कार्यक्रम के अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद मंडला फग्गन सिंह कुलस्ते नियमित विमान से 27 दिसंबर को प्रातः 9:30 बजे रायपुर आयेंगे। रायपुर एयरपोर्ट में अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक संघ के प्रांतीय सचिव एसपी ध्रुव एवं सामाजिक प्रमुख महासमुंद डीडी मांझी द्वारा स्वागत किया जाएगा।

न्यू सर्किट हाउस में स्वल्पाहार के पश्चात चिल्हाटी बिलासपुर के लिए रवाना होंगे। बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष सुरेश पैकरा सामाजिक प्रमुखों के साथ दोपहर 12 बजे लवन रेस्ट हाउस में भेंटकर स्वागत सम्मान करेंगे। दोपहर 1 बजे शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तोखन लाल साहू केन्द्रीय राज्य मंत्री आवास एवं शहरी मंत्रलय भारत सरकार होंगे। विशिष्ट अतिथि आरएन ध्रुव प्रांताध्यक्ष अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छग रहेंगे। कार्यक्रम समाप्ति पश्चात वापसी में धमतरी के अंबेडकर चौक में संध्या 6 बजे समाज प्रमुख शिवचरण नेताम के नेतृत्व में स्वागत किया जाएगा। रात्रि विश्राम सर्किट हाउस कांकेर में होगा। 28 दिसंबर को प्रातः 9:30 बजे अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ जिला कांकेर के जिला अध्यक्ष रामप्रसाद नेताम के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल भेंट करेगा। सर्किट हाउस में संवैधानिक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। तत्पश्चात मंत्री केदार कश्यप की स्व. माता मनकी देवी कश्यप को शोक श्रद्धांजलि अर्पित करने भानपुरी बस्तर के लिए रवाना होंगे।

### अभ्यास मैदान में पीएम आवास के पुराने टूटे घरों का मलबा डाला जा रहा

# देश सेवा की तैयारी कर रहे युवाओं का हौसला टूट रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



ग्राम पंचायत गुजरा में देश की रक्षा सेवाओं की तैयारी कर रहे युवाओं की मेहनत पर पिछले एक माह से पानी फिरता नजर आ रहा है। ग्राम के युवाओं ने अपने निजी खर्च से स्कूल के सामने स्थित मैदान को समतल कर रनिंग ट्रैक, लॉन्ग जंप, हाई जंप सहित विभिन्न शारीरिक अभ्यास के लिए ट्रैक विकसित किए थे, ताकि सेना, पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों की भर्ती परीक्षाओं की तैयारी की जा सके।

गुजरा डिफेंस अकादमी से जुड़े युवा जसवंत ठाकुर, भोला ध्रुव, खूबलाल साहू, ओमनारायण साहू, कृष्णकांत कुंजाम, विकास चौधरी, लेखराज ध्रुव, अजीत निषाद, मेघा साहू, सुमन ध्रुव एवं दीक्षा रजक द्वारा यह मैदान तैयार किया गया था। लेकिन बीते एक माह से पीएम आवास के पुराने टूटे घरों का मलबा इसी मैदान में डाला जा रहा है, जिससे मैदान पूरी तरह खराब हो रहा है और युवाओं की तैयारी बाधित हो रही है।

स्थिति यह भी है कि मैदान में शराबियों का जमावड़ा बढ़ता जा रहा है, जिससे अभ्यास करने वाली छात्राओं सहित युवाओं के लिए वातावरण असुरक्षित होता जा रहा है। युवाओं ने कई बार ग्रामीणों को समझाया और पंचायत में मौखिक शिकायत भी की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से नाराजगी बढ़ती जा रही है। युवाओं ने प्रशासन से मांग की है कि मैदान को तत्काल मलबामुक्त कर खेल एवं शारीरिक प्रशिक्षण के लिए संरक्षित किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के युवा भी देश सेवा के अपने सपने को साकार कर सकें।

# सात फेरे के पहले दूल्हे लेंगे नशामुक्ति का संकल्प

- 27, 28 दिसंबर को होगा 3 दिव्यांग जोड़ों का सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

एक्जेक्ट फाउंडेशन रूद्री धमतरी द्वारा 27, 28 दिसंबर को 3 दिव्यांग जोड़ों का सामूहिक विवाह का आयोजन आमातालाब रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में किया गया है। बीते वर्ष हेलमेट जागरूकता थीम पर सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ था।

इस वर्ष का थीम नशामुक्त समाज, नशामुक्त धमतरी रखा गया है। 27 दिसंबर को हल्दी, मेहंदी, संगीत का आयोजन होगा। शाम 7 बजे से संगीत का कार्यक्रम शुरू होगा।

28 दिसंबर को सुबह 11 बजे घड़ी चौक से दूल्हों की बारात निकलेगी। दूल्हे फेरा लेने से पहले घड़ी चौक में ही नशामुक्ति का संकल्प लेंगे।

इसके तुरंत बाद घड़ी चौक से ही बारात के साथ ही नशामुक्ति रैली निकाली जाएगी। रैली में यातायात पुलिस, जिला प्रशासन,पुलिस सहित गणमान्य नागरिक शामिल होंगे।


फाइल फोटो

### एसपी दिखाएंगे हरी झंडी

घड़ी चौक में नशामुक्ति को लेकर बारात के साथ रैली निकाली जाएगी। एसपी सूरज सिंह परिहार रैली को हरी झंडी दिखाएंगे। यहां से बारात व नशामुक्ति रैली रत्नाबांधा चौक, म्युनिस्पिल स्कूल चौक, अंबेडकर चौक से आमातालाब रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल पहुंचेगी। यहां बारात स्वागत के बाद नव दाम्पत्य जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे।

### दिव्यांगों को अवसर देने के लिए आयोजन

एक्जेक्ट फाउंडेशन की अध्यक्ष लक्ष्मी सोनी, उपाध्यक्ष देवश्री जोशी, सहसचिव रूबी कुर्रे, सचिव शशि त्यागी ने कहा कि अक्सर दिव्यांगों की शादी को लेकर कई तरह की सामाजिक, आर्थिक बाधाएं आती हैं। भेदभाव, असमानता जैसी दिक्कतें भी आती है। दिव्यांग भी समाज के ही अंग हैं। दिव्यांगों को समान अवसर और समर्थन देने के उद्देश्य से ही यह आयोजन संस्था द्वारा पिछले 4 वर्षों से किया जा रहा है।

# करेली बड़ी में गुरु घासीदास जयंती 4 को

**मगरलोड।** सतनामी समाज द्वारा ग्राम करेली (बड़ी) में गुरू घासीदास बाबा का जयंती समारोह 4 जनवरी को रविवार दोपहर 1 बजे से रखा गया है। मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब कैबिनेट मंत्री होंगे। अध्यक्षता अजय चन्द्राकर विधायक करेंगे। विशिष्ट अतिथि वीरेन्द्र साहू जनपद अध्यक्ष मगरलोड, कोमल संभाकर युवा प्रमुख, खेमलता साहू सरपंच करेली बड़ी, भावसिंग डहरे अध्यक्ष जिला सतनामी समाज धमतरी, मीना साहू जिला पंचायत सदस्य, देवेन्द्र कुमार पाल जनपद सदस्य मगलोड, चन्द्रकला बंजारे ब्लाक अध्यक्ष सतनामी समाज मगरलोड, राजेश साहू सभापति जनपद पंचायत मगरलोड ,रामनारायण अनेश्वरी अध्यक्ष सतनामी समाज करेली बड़ी, शेखूराम साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति करेली बड़ी होंगे। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ लोककला मंच पूनम तिवारी जिला राजनांदगांव का कार्यक्रम रखा गया है।

**पुरी में कबीर सत्संग समारोह 4 से : पुरी।** आदर्श ग्राम पुरी में दो दिवसीय कबीर साहेब भव्य सत्संग समारोह का आयोजन 4 एवं 5 जनवरी को बाजार चौक में प्रातः 11 से 1 बजे तक एवं दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक किया गया है। जिसमें कबीर संत चंद्रकला साहेब मंडली सहित एवं क्षेत्रवासी संत पधार रहे हैं।

## नपं आमदी में वाजपेयी की प्रतिमा एवं अटल परिसर का लोकार्पण

# वाजपेयी का जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और विकास को समर्पित : ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)



पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती एवं सुशासन दिवस के अवसर पर नगर पंचायत आमदी में अटल परिसर एवं उनकी प्रतिमा का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया।

नगर पंचायत आमदी के वार्ड क्रमांक 4 में लगभग 12 लाख रुपये की लागत से निर्मित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा एवं अटल परिसर का लोकार्पण प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत आमदी की अध्यक्ष ज्योति मुरली साहू थीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और विकास को समर्पित रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण में उनका योगदान अविस्मरणीय है। अटल परिसर आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्चुअल संबोधन में अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अटलजी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने विकास की नई दिशा प्राप्त की। उन्होंने कहा कि अटलजी के विचार आज भी शासन और जनसेवा का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अन्य वक्ताओं ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक महान राजनेता ही नहीं, बल्कि कवि, विचारक और राष्ट्रपुरुष थे। उनके आदर्श, विचार और सिद्धांत आज भी समाज एवं जनप्रतिनिधियों के लिए मार्गदर्शक हैं। मौके पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष कोमल यादव, पूर्व उपाध्यक्ष तेजराम साहू एवं नीलकंठ साहू, अश्रु राम साहू, हेमंतमाला साहू, पूर्व अध्यक्ष जागेश्वर साहू, हीरालाल साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

फ्री चैकअप कैम्प
डायबिटीक फुट केयर
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.
25 से 28 दिसंबर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

Navkar Hospital & Research Centre
आपका स्वास्थ्य, हमारा लक्ष्य
नवकार हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर
हड्डी रोग संबंधित समस्याएं
आर्थराईटिस ईत्यादि
मासपेशी में दर्द
घुटने व कुल्हे का जोड़ प्रत्यारोपण
डिफमिटी करेक्शन
गठियावात, कुल्हा, कोहनी
आदि अंगो पर दर्द लम्बे समय से न जुड़ने वाली फेक्चर का ईलाज

डॉ. पवन शॉ
जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन एवं ऑर्थोस्कोपिक सर्जन
Emergency Contact no 9109953511
B 27-05, MLA रेस्ट हाउस के पास, रिंग रोड नंबर 1, टैगोर नगर, रायपुर
0771-3588295, 4054375

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरूषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020